# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।
**E- mail:-** upjnrsultanpur@upjn.co.in


पत्रांक 5380 / W-19 / 114 दिनांकः-02/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः-**दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित शीर्षक " अभियाकला में 5.5 करोड़ की जल जीवन योजना ठपः मजदूरों को भुगतान न मिलने से तीन साल बाद भी टंकी अधूरी" के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद सुलतानपुर के विकासखण्ड-भदैया अन्तर्गत अभियाकला पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक-गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप-01 नग, पम्पहाउस-01 नग, उच्च जलाशय (275 किली०/16मी०)-01 नग, पाइप लाइन-28.05 किमी बाउन्ड्रीवाल-01 नग, एफ०एच०टी०सी०-891 नग, सोलर-01 नग है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप-01 नग पूर्ण, पम्पहाउस-01 नग पूर्ण, उच्च जलाशय-01 नग द्वितीय ब्रेस के ऊपर कॉलम (30%) तक पूर्ण, पाइप लाइन-20.03 किमी पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल-01 नग पूर्ण, एफ०एच०टी०सी०-170 नग पूर्ण, सोलर-01 नग पूर्ण हो चुका है। योजना की कार्यलागत रु० 551.50 लाख के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को रू0 176.90 लाख का भुगतान हो चुका है।

कार्यदायी फर्म को पेयजल योजनाओं के धीमी प्रगति होने के कारण अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/1JM (Sultanpur)/2026-27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा फर्म के विरुद्ध 1% अतिरिक्त कुल 2% L.D. अध्यारोपित भी किया गया है।

कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SULTANPUR/2025-26/768 दिनांक 02.09.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना पर कार्यरत मजदूरों का भुगतान उच्च जलाशय के स्टेजिंग लेवल तक कार्य पूर्ण होने पर सम्पूर्ण भुगतान कर दिया जायेगा तथा योजना के अवशेष वितरण प्रणाली, हाउस कनेक्शन तथा उच्च जलाशयों के कार्यों को दिनांक मार्च 2028 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

भवदीय
04/09/26
(सुभाष चन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय उजल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प-बाराबंकी।
5. जिला सूचना अधिकारी सुलतानपुर।
6. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री धर्मनाथ यादव, जूनियर इंजीनियर।
7. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिक-गाजा जेवी नोएडा को इस निर्देश के साथ कि योजनान्तर्गत अवशेष समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

# Vindhya Telelinks Limited – Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.- 3,4, & 5, Sector 125, Noida-201301, India
P: +91-120-4950200, F: +91-120-4950222 Email: amitranowt@vtlrewa.com, epc@vtlrewa.com

**Ref. VTL-GAJA JV/SWSM/SULTANPUR/2025-26/768** **DATE: 2/09/2026**

To,

Executive Engineer (Civil)
U.P Jal Nigam (Rural)
Sultanpur, Uttar Pradesh

**Reference: -** Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request proposal for phase-3 Division – Ayodhaya (Sultanpur).

**Subject:- Submission of Completion Plan of Abhiyakala (Block – Bhadaiya)**

Dear Sir,

With Reference to above subject, we are hereby submitting to you updated progress and Completion plan Abhiyakala, (Block – Bhadaiya)

| S.No. | Components | Scope | Completed | Balance | Target Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tube well (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 2 | OP & Compressor (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 3 | Pump House (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 4 | BW (Nos.) | 1 | 1 | 0 | N/A |
| 5 | Distribution (Kms.) | 28.053 | 20.03 | 8.05 | FEB-2026 |
| 6 | FHTC (Nos.) | 891 | 170 | 721 | MAR-2028 |
| 7 | Solar (Kw) | 30.5 | 30.5 | 0 | N/A |
| 8 | Regular Water Supply | 898 | 0 | 898 | MAR-2028 |
| 9 | OHT (275KL & 16M Staging)- Job | 1 | 30 | 70 | JAN-2028 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

VTL-GAJA-JOINT VENTURE

For **Vindhya Telelinks Ltd – Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV)**
(Authorized signatory)

**Note :-** We have held a portion of the payment due to the very slow progress of work and the project timeline being exceeded, as discussed with the vendor. Once the required manpower is mobilized and work progress improves, and the full staging of the Overhead Tank (OHT) is completed, the held amount will be released accordingly. The payment will be processed after verification of the completed staging work and satisfactory progress at the site.

Your Sincerely




For **Vindhya Telelinks Ltd – Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV)**

दैनिक भास्कर

होम वीडियो सर्च वॉच वेब स्टोरीज

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
ने. में NEW
भास्कर इन्वे...
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरि...
स्पोर्ट्स
बॉली...
जॉब - एजु...
बिज...




# अभियाकला में 5.5 करोड़ की जल जीवन योजना ठप: मजदूरों को भुगतान न मिलने से तीन साल बाद भी टंकी अधूरी

शुभ पांडेय |
भदैंया(सुल्तानपुर), सुलतानपुर
6 दिन पहले




दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us
फीडबैक दें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on




भदैया ब्लॉक के अभियाकला गांव में 5.5 करोड़ रुपये की जल जीवन मिशन परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की यह योजना अभी तक ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा पाई है। हाल ही में, ठेकेदार द्वारा मजदूरों का भुगतान न करने के कारण पिछले पांच दिनों से टंकी निर्माण का काम फिर से ठप हो गया है।

अभियाकला गांव में जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण कार्य पिछले तीन सालों से चल रहा है। यह तीसरी बार है जब निर्माण कार्य बंद हुआ है। मजदूरों का कहना है कि उन्हें भुगतान और राशन का पैसा नहीं मिला है, जिसके चलते काम रुक गया है।

भुगतान न मिलने के कारण मैनपुरी और इटावा के कई मजदूर, जिनमें रोशन, हार्दिक, दीपक, दीपांशु और लहूरी शामिल हैं, अपने घरों को लौट गए हैं। केवल दो मजदूर और एक मेट ही साइट पर बचे हैं, जो भोजन और पैसे की कमी से जूझ रहे हैं। मजदूरों के अनुसार, ठेकेदार और ब्लॉक प्रभारी 10 दिनों में भुगतान और खुराकी देने का वादा करते हैं, लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें पैसा नहीं मिला है।

इस संबंध में, भदैया के ब्लॉक मैनेजर संजीव दुबे ने कहा कि यह उनके और मजदूरों के बीच का मामला है कि भुगतान कब और कितना देना है। उन्होंने यह

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- घर में खास मेहमानों के आने से व्यस्तता रहेगी। रोज के कामों के बीच मौज-मस्ती और आराम के लिए भी समय निकाल पाएंगे। कहीं कोई पेमेंट फंसा हुआ है तो आज उसे
और पढ़ें

बयान के विपरीत है।




पहले खोदी सडक अब तक नही मिला पानी

तीन साल पहले गांव मे पाइप लाइन के लिऐ कई स्थानों पर सड़कें खोद दी गई हैं, लेकिन उन्हें बाद में दुरुस्त नहीं कराया गया, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कई गांवों में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन उनमें आज तक पानी नहीं पहुंचा है।ब्लॉक मुख्यालय के अभियाकला गांव को जल जीवन मिशन की बदहाली का एक प्रमुख उदाहरण माना जा सकता है। तीसरी बार काम बंद 20 प्रतिशत काम पूरा

Redressal Policy |
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions

**DainikBhaskar.com**
**DivyaBhaskar.com**
**BhaskarEnglish.in**
**DivyaMarathi.com**
**MoneyBhaskar.com**
**BhaskarAd.com**

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें